Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower(s) and Guarantor(s) that the below described immovable property mortgaged/charged to the Secured Creditor, the Possession of which has been taken by the Authorized Officer of ICICI Home Finance Company Ltd., will be sold on "As is where is", "As is what is", and "Whatever there is", as per the brief particulars given hereunder;

Sr. No.	Name of Borrower(s)/ Co Borrowers/ Guarantors/ Legal Heirs, Loan Account No.	Details of the Secured asset(s) with known encumbrances, if any	Amount Outstanding	Reserve Price / Earnest Money Deposit	Date and Time of Property Inspection	Date & Time of Auction	One Day Before Auction Date	SARFAESI Stage
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)	(H)	(I)
1.	Anil Malviya (Borrower) Radha Malviya (Co-Borrower) Loan No. LHOVG00001604705 & LHOVG00001604706 & LHOVG00001605965	Plot No. 294, Nand Vihar Colony, Ward No. 06, Village Rau, District Indore, Madhya Pradesh 452001	Rs. 26,13,500/- April 06, 2026	Rs. 25,05,600/- Rs.2,50,560/-	May 06, 2026 11:00 AM To 03:00 PM	May 13, 2026 02:00 PM To 03:00 PM	May 12, 2026 Before 05:00 PM	Symbolic Possession
2.	Ankit Alekar (Borrower) Varsha Rajpoot (Co-Borrower) Loan No. LHOVG00001618266 & LHOVG00001618269	Plot No.4-B, Shubh Labh Avenue, Block B, Village Khajrana, Tehsil And District, Madhya Pradesh 452001	Rs. 1,00,69,137/- April 06, 2026	Rs. 1,10,16,000/- Rs. 11,01,600/-	May 06, 2026 11:00 AM To 03:00 PM	May 13, 2026 02:00 PM To 03:00 PM	May 12, 2026 Before 05:00 PM	Symbolic Possession

The online auction will be conducted on website (URL Link- https://BidDeal.in) of our auction agency ValueTrust Capital Services Private Limited. The Mortgagors/ notice are given a last chance to pay the total dues with further interest till May 12, 2026 before 05:00 PM else these secured assets will be sold as per above schedule.
The Prospective Bidder(s) must submit the Earnest Money Deposit (EMD) RTGS/ Demand Draft (DD) (Refer Column E) at ICICI Home Finance Company Limited Branch Office Address mentioned on top of the article on or before May 12, 2026 before 05:00 PM. Earnest Money Deposit Demand Draft (DD) should be from a Nationalized/Scheduled Bank in favor of "ICICI Home Finance Company Ltd. – Auction" payable at the branch office address mentioned on top of the article.
For any further clarifications with regards to inspection, terms and conditions of the auction or submission of tenders, kindly contact ICICI Home Finance Company Limited on 9920807300.
The Authorized Officer reserves the right to reject any or all the bids without furnishing any further reasons.
For detailed terms and conditions of the sale, please visit https://www.icicihfc.com.

Date: April 11, 2026 Authorized Officer, "ICICI Home Finance Company Limited",
Place: Indore CIN Number:- U65922MH1999PLC120106

SRG HOUSING FINANCE LIMITED

SRG HOUSING FINANCE LIMITED
CIN: L65922NJ1999PLC015440
Reg. Off: 321, S M Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur 313001(Rajasthan)
Phone: 0294-2412038 E-mail: info@srghousing.com Website: www.srghousing.com

DEMAND NOTICE UNDER SECTION 13(2) OF THE SARFAESI ACT, 2002

You The Below Mentioned Borrower, Co-borrower(s), Mortgagor(s) And Guarantor(s) Hereinafter Referred As Borrowers Have Availed Loan(s) Facility(ies) From SRG HOUSING FINANCE LTD. (SRGHFL) By Mortgaging Your Immovable Property(ies) And Have Defaulted In Repayment Of The Same And Were Classified As NPA. The Authorized Officer Has Pursuant To The Said Assignment And For The Recovery Of The Outstanding Dues, Exercise The Power Conferred On Us 13(12) Of The Securitisation And Reconstruction Of Financial Assets And Enforcement Of Security Interest Act, 2002 (act) Read With The Security Interest (enforcement) Rules, 2002 (rules) Has Issued The Demand Notice U/s 13(2) Of Said Act. The Authorized Officer Has Reason To Believe That The Borrower Or His Agent Is Avoiding The Service Of The Notice Or That For Any Other Reason, The Service Cannot Be Made. The Contents Of Which Are Being Published Herewith By Way Of Alternate Service Upon You. You The Borrowers Are Therefore Called Upon To Make Payment Of The Below Demanded Amount With Future Interest, Incidental Expenses, Costs Charges Etc., W.e.f. As Mentioned Herein Below In Full Within 60 Days Of This Notice. You Can Also Pay The Said Amount With Future Interest, Incidental Expenses, Costs Charges Etc., Till Date Through Online Mode (Debit / Credit / NEFT / RTGS / UPI) By Log On To www.srghousing.com And After The Successful Payment Share The Details. If Failing Which The Undersigned Shall Be Constrained To Take Action U/s 13(4) & 14 The Act. Your Attention Is Invited To The Provision Of 13(8) & 13(13) In Respect Of Time Available, To Redeem The Secured Assets And Not To Sale, Lease Or Otherwise Without Our Consent.

S. NO.	Loan Account Number (Borrower(s) / Co-Borrower(s) / Guarantor(s))	1) Date Of Demand Notice 2) Claim Amount As Per Demand Notice	Description Of Immovable Property (Together With Buildings And Structures Constructed, To Be Constructed Thereon Along With Fixtures And Fittings Attached To The Earth And Anything Attached To The Earth.)
1.	HLR00000000018306 Mr. Sunil Gayal C/o Mr. Jay Narayan Gayal (Borrower) Mrs. Sunita Bai C/o Mr. Sunil (Co-Borrower-1) Mr. Jayanarayan S/o Mr. Hiralaji (Co-Borrower-2) Mrs. Sagar Bai W/o Mr. Jayanarayan (Co-Borrower-3) Mr. Jitendra Bhatee S/o Mr. Ram Prasad Bhati (Guarantor)	1. Date Of Demand Notice- February 12, 2026 2. Claim Amount As Per Demand Notice – ₹ 3,61,910/- In Rupees Three Lakh Sixty – One Thousand Nine Hundred And Ten Only As On February 07, 2026 Plus Future Interest, Incidental Expenses, Cost, Charges, Etc. W.e.f. February 08, 2026	All That Piece And Parcel Of Land Owned By:- In The

एक नजर

पानी के संतुलित उपयोग का किया आह्वान

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जल के संरक्षण, संवर्धन और संतुलित उपयोग के लिए सक्रिय लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल ही जीवन है। जल केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि कृषि का सार भी है। इसकी हर बूंद में हम सबके भविष्य की सुरक्षा और समृद्धि का संकल्प निहित है। जल संरक्षण के लिए सभी तरह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करेगा।

एमपी ट्रांसको के इंजीनियर्स को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों द्वारा तैयार एक कम्पनी केस स्टडी प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, सेंटर एंड एकर्मी इंटरनेशनल में प्रकाशित हुई है। इसकी लाइक सतना इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र में देश -विदेश के बाकी विशेषज्ञों से भी की है। एमपी ट्रांसको के इंजीनियर जितेंद्र तिवारी एवं इंजीनियर अनुराग तरा द्वारा तैयार की गई यह स्टडी वेस्ट 35 वर्ष से अधिक पुराने ट्रांसमिशन लाइनों में बिजली गिरने से होने वाली समस्याओं के समाधान पर आधारित है। इसमें सेमिल्ड सिंट आधारित अर्थिंग तकनीक के माध्यम से टॉवर फुटिंग इम्पीडेंस कम करने और फॉल्ट लिमिटिंग स्तर सुधारने का सफल प्रयोग प्रस्तुत किया गया है। इससे ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता और विश्वसनीयता में सुधार होता है।

कृषि लोकरंग से किसानों के जीवन में आएगा उत्सव और सम्मान का नया रंग:मुख्यमंत्री

-कृषि क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार
-कृषि लोकरंग आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि कृषि हमारी जीवन संस्कृति का मूल आधार है। किसान अन्नदाता होने के साथ हमारी संस्कृति, परम्पराओं और सुरक्षित भविष्य का आधार स्तम्भ हैं। किसान अपने परिवार के लिए ही नहीं, पूरे समाज के लिए अन्न का उत्पादन करता है। किसान मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का भी उदर-पोषण करता है। ऐसे अन्नदाता के जीवन में आनंद और उत्सव का संचार करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। कृषि लोकरंग-2026 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में प्रदेश में कृषि लोकरंग-2026 आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन किसानों के जीवन, उनकी पुरा परम्पराओं और कृषि संस्कृति का जीवंत उत्सव बने। उन्होंने कहा कि जो दिन-रात अथक श्रम-साधना कर सबके उदर पोषण की चिंता करता है, उसके परिश्रम से भरे जीवन में खुशियों के सुनहरे रंग भरना हम सबका कर्तव्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि लोकरंग में किसानों और आमजन की सहभागिता बढ़ाने के लिए कृषि क्विज प्रतियोगिता जैसे नवाचार किए जाएं। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएं। प्रत्येक जिले के प्रथम विजेता (टापर) को पुरस्कार के रूप में किसानों के लिए हर मौसम में उपयोगी कृषि संसाधन (जैसे ट्रेक्टर आदि) एवं अन्य तरह के पुरस्कार भी दिए जा सकते हैं।

लोकरंग के दौरान राज्य, संभाग एवं जिलास्तर पर किए जाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यह वर्ष हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और कृषि को लाभकारी बनाने के साथ ही किसानों के जीवन में आनंद लाना भी है। इसीलिए हम सब मिलकर इस वर्ष को किसानों के आनंद के वर्ष के रूप में मनाएंगे, जिससे किसान सिर्फ आर्थिक रूप से नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी खुद को सम्मानित महसूस करें। इसके लिए लोकरंग के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा संभाग एवं जिलास्तर पर सर्व लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी सहित कवि सम्मेलन जैसे आयोजन भी किए जाएं।

प्रदेश में गर्मी का असर तेज कई जिलों में तापमान 39 डिग्री के पार

पश्चिम और पूर्व दोनों हिस्सों में गर्मी बढ़ी,प्रदेश में गर्मी ने पकड़ी रफ्तार

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में अप्रैल की शुरूआत के साथ ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार शाम को जारी मौसम आंकड़ों के अनुसार राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। खासतौर पर पश्चिमी मध्यप्रदेश के इलाकों में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है।

पश्चिम मध्यप्रदेश: नर्मदापुरम सबसे गर्म- पश्चिम मध्यप्रदेश के आंकड़ों पर नजर डालें तो नरमदापुरम में सबसे अधिक 39.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा रतलाम 38.6 डिग्री, खरगोन 38 डिग्री और धार 36.9 डिग्री जैसे शहरों में भी तापमान काफी ऊंचा रहा। भोपाल में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से करीब 3.2 डिग्री कम रहा, लेकिन दिनभर गर्मी का असर बना रहा। इंदौर में भी 35 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

न्यूनतम तापमान भी बढ़ा, रातें भी गर्म- रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखी गई। कई शहरों में न्यूनतम तापमान 18 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। नरमदापुरम में न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री रहा, जबकि उज्जैन में यह 20 डिग्री दर्ज किया गया।

पूर्व मध्यप्रदेश में तापमान 36 डिग्री के आसपास- पूर्वी मध्यप्रदेश में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। खजुराहो और नरसिंहपुर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला और सिवनी जैसे जिलों में तापमान 35 डिग्री के आसपास बना रहा।

जबलपुर में 34.6 डिग्री और रीवा में 34.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा कम जरूर है, लेकिन उमस के कारण लोगों को गर्मी महसूस हुई। राज्य के अधिकांश हिस्सों में आर्द्रता में गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिमी हिस्से में सुबह के समय नमी 40 प्रतिशत से 70 प्रतिशत के बीच रही, जबकि शाम तक यह घटकर 15 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक पहुंच गई। पूर्वी मध्यप्रदेश में भी यही ट्रेंड देखा गया—सुबह नमी अधिक और शाम को तेजी से कमी। इससे गर्मी और ज्यादा महसूस हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के किसी भी हिस्से में पिछले 24 घंटे में बारिश दर्ज नहीं की गई। सभी जिलों में वर्षा का आंकड़ा शून्य रहा। जिससे साफ है कि फिलहाल सूखे और गर्म मौसम का दौर जारी रहेगा। मौसम के इन आंकड़ों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म होती जा रही हैं। जिससे लोगों को राहत मिलने की संभावना कम नजर आ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव 12 अप्रैल को आएंगे आष्टा

लाडली बहना योजना की किस्त खातों में करेंगे हस्तांतरण

आष्टा,(निप्र)। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 12 अप्रैल को आष्टा आयेंगे । मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर आष्टा में जोरशोर से तैयारियों में सभी भाजपा के कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि जोर शोर से जुटे है । विधायक गोपालजीत इंजीनियर ने बताया की मुख्यमंत्री जी प्रातः 11 बजे हेलिकॉप्टर से आष्टा । सर्वी बैट कम्पोट रोड से मुख्यमंत्री का रोड शो शुरू हो कर आष्टा विधायक घूरेलाल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी लाडली बहना योजना की किस्त का उनके खातों में हस्तांतरण करेंगे एवं सरोधनी विद्यालय आष्टा, लाइट सहित अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे । विधायक गोपालजीत इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकताओं,जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है ।

मुरैना से बिश्नोई गैंग के गुर्गे को भोपाल लाई एसआईटी

एमपी में एक्टिव लॉरेंस बिश्नोई गैंग,भोपाल के प्रदीप जैन को मिली थी धमकी

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में लॉरेंस गैंग एक्टिव हो रही है। एसआईटी ने मुरैना से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे प्रदीप शुक्ला को दबोचा है। जिसके बाद पुलिस उसे भोपाल लेकर आई है। यहां उसे सात दिन की रिमांड पर रखा गया है। बता दें भोपाल, इंदौर, अशोकनगर, खरगौन के व्यापारियों को लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर बीते कई दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रहीं थीं। जिसके बाद पुलिस का ये एक्शन हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी प्रदेश के कई शहरों में व्यापारियों को जान से मारने की धमकियां देकर रंगदारी वसूलने के नेटवर्क में शामिल था। भोपाल, इंदौर, अशोकनगर और खरगोन के व्यापारियों को लगातार धमकी भरे कॉल मिल रहे थे। इस मामले में भोपाल के व्यापारी प्रदीप जैन को भी गैंग की ओर से धमकी मिलने की पुष्टि हुई है।

हैरी बॉक्सर का सहयोगी है प्रदीप शुक्ला- एसआईटी की शुरूआती जांच में सामने आया है कि आरोपी प्रदीप शुक्ला यूपी का रहने वाला है और उसका कनेक्शन गैंग के अन्य मेम्बर्स से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि वह हैरी बॉक्सर का करीबी सहयोगी है। जिससे इस नेटवर्क के यूपी कनेक्शन भी उजागर हुए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक उसके खिलाफ रंगदारी, फिरौती और हत्या के प्रयास जैसे 9 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। अब एसआईटी को पूछताछ के दौरान इस पूरे नेटवर्क के और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। इस पूरे मामले की निगरानी डीआईजी राहुल लोढ़ा कर रहे हैं। एसआईटी टीम लॉरेंस गैंग के प्रदेशभर में फैले नेटवर्क की गहराई से जांच कर रहे हैं।

अनाज उगाने से आय नहीं बढ़ेगी ,इंटीग्रेटेड फार्मिंग अपनाएं—चौहान

अनाज उत्पादन के साथ शहद और मछली भी पालें किसान

भोपाल,(निप्र)। खेती को लाभ का धंधा बनाने वालों के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बड़ा विजन पेश किया है। भोपाल में प्रेस वार्ता के दौरान कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारतीय किसानों की विशेषकर छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति को केवल गेहूं और धान पैदा करने से ही नहीं सुधारा जा सकता। आय में क्रांतिकारी बदलाव करने के लिए किसानों को इंटीग्रेटेड फार्मिंग यानी की एकीकृत कृषि की तरफ मुड़ना ही होगा।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत में औसतन जोत का आकार मात्र 0.96 हेक्टेयर है और इतने छोटे खेत में पारंपरिक खेती के साथ गुजारा करना मुश्किल है। उन्होंने समाधान देते हुए कहा कि, किसानों को अनाज के साथ-साथ फल, सब्जियां, दूध, और श्री अन्न यानी मोटा अनाज पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि किसान एक ही खेत में फसल के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन और कृषि वानिकी जैसे काम भी कर सकते हैं। वहीं नई तकनीकों और प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादन की लागत घटाना सरकार की प्राथमिकता होती है।

रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव होगा- मंत्री ने बताया कि इस इंटीग्रेटेड मॉडल का लाइव प्रदर्शन दिखाने के लिए 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव को आयोजित किया जा रहा है। जहां देश के कई दिग्गज वैज्ञानिक किसानों को इस मॉडल की ट्रेनिंग देंगे।

जीतू पटवारी के धरने पर किया शिवराज ने प्रहार- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जीतू पटवारी द्वारा धान की बोरियां लेकन उनके बंगले पर धरना देने पहुंचने को लेकर कहा कि ये अपरिपक्व नेता राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि झाअगर कृषि सुधार के लिए कोई काम होता है, तो उसका स्वागत है, लेकिन किसी नेता के बंगले पर बिना किसी पूर्व सूचना के बोरियां लेकर पहुंच जाना एक बड़े नेता के लिए शोभा नहीं देता है। गरिमा और तथ्यों के साथ होनी चाहिए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को आश्वस्त किया है कि ईरान और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर खाद और यूरिया) की कीमतें बढ़ रही हैं, लेकिन भारत सरकार इसका बोझ किसानों पर नहीं आने देगी।

उमा के खिलाफ मानहानि केस–हाई कोर्ट ने तलब की स्टेटस रिपोर्ट

दिग्विजय सिंह ने लगाया था छवि बिगाड़ने का आरोप,7 साल बाद होगी नियमित सुनवाई

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के खिलाफ मानहानि केस में हाई कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। हाई कोर्ट में ये याचिका कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की ओर से 2 दशक पहले लगाई गई थी। जिसमें अब कोर्ट ने पूरे मामले में ताजा रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। अब मामले में अगली सुनवाई 27 अप्रैल को मुकर्रर की गई है।

2003 में बीजेपी नेता के खिलाफ दी थी अर्जी- कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने साल 2003 में उमा भारती पर उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा था कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उमा भारती ने उनके खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। जिसके कारण उनकी छवि को नुकसान पहुंचा था। इसको लेकर दिग्विजय ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी लगाई थी। इसके बाद कोर्ट में मामले में सुनवाई की गई। कोर्ट में गवाहों ने बयान दर्ज करवाई। इसमें उमा भारती की तरफ से बीजेपी ने नरेंद्र बिरथरे ने बयान दर्ज करवाए थे। लेकिन दिग्विजय ने सीजेएम कोर्ट में नरेंद्र बिरथरे का एक बार फिर से बयान दर्ज करने की अपील करते हुए अर्जी लगाई थी। जिस कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

सीजेएम कोर्ट में अपील खारिज होने के बाद दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर पुनरीक्षण के लिए अपील की थी, लेकिन सीजेएम कोर्ट ने उसे भी खारिज कर दिया। जिसके बाद दिग्विजय सिंह ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। अब मामले में सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने 22 साल पुराने मानहानि केस में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

बता दें कि साल 2017 में सीजेएम कोर्ट के दिग्विजय सिंह की याचिका खारिज होन के बाद मामले में कोई भी सुनवाई नहीं हुई थी। लेकिन अब 7 साल बाद 27 अप्रैल को स्टेटस रिपोर्ट तलब होने के बाद 30 अप्रैल को मामले में नियमित सुनवाई होगी। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकल बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी।

राज्यमंत्री टेवाल का आटा प्लांट व रेलिश फूड प्लांट का दौरा

आष्टा,(निप्र)। मप्र प्रदेश सहकार के मंत्री टेवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग का आष्टाका क्षेत्र के प्रतिष्ठित साल्विक ग्रुप फूड इंडस्ट्रीज आटा प्लांट एवं रेलिश फूड प्लांट में हुआ। दौरे के दौरान मंत्री टेवाल ने प्लांट की आधुनिक मशीनरी, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली एवं स्वच्छता मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर साल्विक ग्रुप फूड इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक विवेक जैन, एवाई मार्केट रमेश, नवीन जैन, राजेश जैन, विनय जैन मंत्री रेलिश फूड की ओर से अमित जैन भी उपस्थित रहे।

एमएसपी पर 17,965 क्विंटल गेहूं की खरीदी :राजपूत

भोपाल,(निप्र)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि खाद्य एवं नागरिक सम्बर्धन मूल्य पर अभी तक 5220 किसानों से 12 हजार 521 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। गेहूँ का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूँ का उपार्जन शुरू किया जायेगा। अभी तक एक लाख 48 हजार 247 किसानों द्वारा 6 लाख 74 हजार 290 मीट्रिक टन गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। गेहूँ खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसानों से 2585 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूँ को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

नवजात शिशु के मिलने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही

विदिशा,(निप्र)। हेल्पलाइन नं. 112 पर शुक्रवार को कुरवाई तहसील के ग्राम तमोहिया बरखेड़ा में अज्ञात नवजात शिशु के मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरवाई में नवजात शिशु को भर्ती कराया, जिसके उपरान्त नवजात शिशु के मिलने की सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं सहायक संचालक श्री विवेक शर्मा द्वारा संज्ञान में लेकर सेक्टर पर्यवेक्षक, श्रीमती अजरा कुरैशी एवं श्रीमती राजेश्वरी धाकड़ द्वारा नवजात शिशु को एंबुलेंस के माध्यम से शासकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा में भर्ती कराया गया। इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसरा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री रामबाबू प्रजापति एवं समस्त समिति सदस्यों द्वारा तत्काल शासकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा में पहुंचकर नवजात शिशु के बारे में जानकारी प्राप्त की गई एवं शिशु की स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंध में शासकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा स्टॉफ को निर्देशित किया गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) क्षेत्र सरदारपुर जिला धार (म.प्र)

राजस्व प्रकरण क्र 0072/अपील/2025-26

1- अविनाश पिता अंकिलाल शर्मा अन्य। निवासी अम्बोरा तहसील सरदारपुर जिला धार म.प्र. .....अपीलार्थी

विरुद्ध

1- सादिद पिता स्व. अब्दुल सईद जाति मुसल्मान अन्य-11, निवासी 212 लाल मली मदारी कुमार की चाल, परदेशीपुरा कलॉ नं.11 इन्दौर ..... रेस्पोंडेण्ट

क्रमांक / 1177/पी-1/2026 सरदारपुर, दिनांक-06/04/2026

जाहिर सूचना पत्र

प्रति,

1- अजमत उल्लाह पिता नजर उल्लाह तर्फे मुख्तार अब सद्दाकत उल्लाह पिता नजर उल्लाह निवासी अम्बोरा तह. सरदारपुर जिला धार म.प्र. 2- रेहाना बी पति आसीक उल्लाह निवासी उदावद दरबाना धार तह. व जिला धार म.प्र.

द्वारा :-

समाचार पत्र के माध्यम से।

अपीलान्ट अविनाश पिता अंकिलाल शर्मा, अन्य-4 निवासीगण अम्बोरा तहसील सरदारपुर जिला धार द्वारा अधिभाषक राजेन्द्र मेहता द्वारा ग्राम अम्बोरा स्थित भूमि सर्वे नम्बर 1199, 1200/1, कुल सर्वे नम्बर 2 कुल रकबा 3. 320 हेक्टेयर की भूमि पर अम्बोरा का राजस्व पत्र क्रमांक 1227/पी-1/2025 में दिनांक 25.08.2025 के विरूद्ध म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-44 अन्तर्गत अपीलीय अवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है। उक्त मामला न्यायालय में दिनांक 29.09.2025 को निश्चित पंजीयन किया जाकर निष्पक्ष सुनवाई की जा रही है, किन्तु आप प्रकरण में स्वयं पैरवी में सत्यता अनुपस्थित रहे है। एतद् द्वारा, अपना मामला प्रस्तुत करने, उत्तर देने तथा उन सब दस्तावेजों को प्रस्तुत करने जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है, की पेशी दिनांक 10/04/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए जाहिर सूचना पत्र के माध्यम से समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अधिवक्ता या सम्बलकर से निर्देशित अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित हो। आगामी सूचित किया जाता है कि, यदि आप ऊपर बताये गये दिनांक पर इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो मामले की सुनवाई और निस्तारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज दिनांक 6/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

स्थान:- सरदारपुर।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
क्षेत्र सरदारपुर जिला धार

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) क्षेत्र सरदारपुर जिला धार (म.प्र)

राजस्व प्रकरण क्र.0073/अपील/2025-26

सायना पति प्रवीण महाजन अन्य-2 निवासी अम्बोरा तहसील सरदारपुर जिला धार ...अपीलार्थी

विरुद्ध

1- सादिद पिता स्व. अब्दुल सईद जाति मुसल्मान अन्य-19 निवासी 212 लाल मली मदारी कुमार की चाल, परदेशीपुरा कलॉ नं. 11 इन्दौर ..... रेस्पोंडेण्ट

क्रमांक/ 1175/ पी-1/2026 सरदारपुर दिनांक- 06/04/2026

जाहिर सूचना पत्र

प्रति,

1- मोहम्मद इनोक पिता स्व. अब्दुल अजीज पेशे वल्लिमान अ- शहनाज शेख पति मोहम्मद इनोक, ब- युसुफ शेख पति मोहम्मद इनोक, स- शहेबब शेख पिता मोहम्मद इनोक निवासीगण 759 आजाद नगर गौता भौराता इन्दौर जिला इन्दौर 2- मोहम्मद रफीक पिता स्व. अब्दुल अजीज जाति मुसल्मान, निवासी अली फिराना दुकान के सामने इतिमाद कालोनी खजराना इन्दौर 3-मोहम्मद रफीक पिता स्व. अब्दुल अजीज पेशे चारिवाल अ- जैकुलिया पति स्व. मोहम्मद रफीक ब- आयेब शेख पिता स्व. मोहम्मद रफीक स- वाजद शेख पिता मोहम्मद रफीक द- आदम शेख पिता मोहम्मद रफीक य- नोमान शेख पिता मोहम्मद रफीक र- फैजान शेख पिता मोहम्मद रफीक सभी जाति मुसल्मान,निवासीगण 337/1 आनन्दम कम्पाउण्ड खजराना इन्दौर (म.प्र.) 4-मोहम्मद वहीद पिता अब्दुल अजीज जाति मुसल्मान, 5- मौ- रेजाक उर्फ मुसलीम पिता अब्दुल अजीज दोनों निवासी 1-सिलवर स्टोन फोरेट वेलफयुर रोड आमखाखाड़ 6- नवीन बेग पिता स्व. अब्दुल अजीज पति रफीक पटवारी,निवासी 244 इमाम कालोनी खजराना इन्दौर जिला इन्दौर,7-कमर सुल्ताना उर्फ फरवीन बेगम पिता स्व. अब्दुल अजीज पति फत्यान नूर निवासी गुलजार कालोनी बागिच बाग रोड इन्दौर जिला इन्दौर (म.प्र) 8-कुलसुम बेगम पिता स्व. अब्दुल अजीज पति कबीर एहमद जाति मुसल्मान निवासी शालीमार कालोनी काजीरोड रोड इन्दौर जिला इन्दौर 9- सद्दाकत उल्लाह पिता नजर उल्लाह कुरैशी जाति मुसल्मान निवासी 73 चंदन नगर सेक्टर सी धार रोड इन्दौर जिला इन्दौर 10- साहीद उर्फ मोहर अन्सारी पिता अब्दुल सईद जाति मुसल्मान निवासी 4/33 हसरतपुरा भोपाल म.प्र.

द्वारा: समाचार पत्र के माध्यम से।

अपीलान्ट सायना पति प्रवीण महाजन, अन्य-2 निवासीगण अम्बोरा तहसील सरदारपुर जिला धार द्वारा अधिभाषक राजेन्द्र मेहता द्वारा ग्राम अम्बोरा स्थित भूमि सर्वे नम्बर 1200/1, 1201/1, कुल सर्वे नम्बर 2 कुल रकबा 6.008 हेक्टेयर की भूमि पर अम्बोरा का राजस्व पत्र क्रमांक 1226 /पी-1/2025 में दिनांक 25.08.2025 के विरूद्ध म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-44 अन्तर्गत अपीलीय अवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है। उक्त मामला न्यायालय में दिनांक 29.09.2025 को निश्चित पंजीयन किया जाकर निष्पक्ष सुनवाई की जा रही है, किन्तु आप प्रकरण में स्वयं पैरवी में सत्यता अनुपस्थित रहे है। एतद् द्वारा, अपना मामला प्रस्तुत करने, उत्तर देने तथा उन सब दस्तावेजों को प्रस्तुत करने जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है, की पेशी दिनांक 10/04/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए जाहिर सूचना पत्र के माध्यम से समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अधिवक्ता या सम्बलकर से निर्देशित अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित हो। आगामी सूचित किया जाता है कि, यदि आप ऊपर बताये गये दिनांक पर इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो मामले की सुनवाई और निस्तारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज दिनांक 6/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

स्थान:- सरदारपुर।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
क्षेत्र सरदारपुर जिला धार

गोरानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 32-33, सेन्टर-एए, सांवेर रोड, मोरोनिया क्षेत्र, इंदौर (म.प्र.) - 452015
CIN: L28121MP1995PLC009170, ईमेल: goraniindustries@yahoo.com
फोन: 0731-2723201-3, वेबसाइट: www.goraniindustries.com

गोरानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरधारकों के लिए नोटिस: भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को फिर से जमा करने के लिए विशेष विंडो के संबंध में

पहले जारी किए गए SEBI सर्कुलर संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSDPoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 2 जुलाई, 2025 और SEBI सर्कुलर संख्या SEBI/HO/38/11/(2) 2026-MIRSD-PoD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, सेबनवी के उन सभी शेयरधारकों को, जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले लेश हस्तांतरण अनुरोध जमा किया था, और जिन्हें दस्तावेजों/खामियों में कमी या किसी अन्य कारण से अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था/जिन पर ध्यान नहीं दिया गया था, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को फिर से जमा करने के लिए एक विशेष विंडो एक वर्ष की अवधि के लिए, यानी 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक खुली है।

लिप्त निवेशकों ने विशाली टेक्सटाल मिल कर दी है, उन्हें शेयरों के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, यानी **एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** (जिसे पहले लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) की ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स जमा करके इस मौके का फायदा उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पता है: सी-101, पहली मंजिल, 247 पार्क, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई 400083.

अगर शेयरहोल्डर्स को इस मामले पर कोई सवाल है, तो वे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट से सी-101, पहली मंजिल, 247 पार्क, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई 400083 पर संपर्क कर सकते हैं। संपर्क नंबर है: 022-49186270 या वे mt.helpdesk@linkintime.co पर मेल भेज सकते हैं।

गोरानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ते/-
नकुल गोरानी
पाटनी डीआईएन: 00543317
(पूर्णकालिक निदेशक)

स्थान: **इंदौर**
दिनांक: **11.04.2026**